कोविड 19 से बेफिक्र होकर बाजार में घूमते लोग।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मांगों को लेकर नेता विपक्ष को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड उपनल संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर इंदिरा हृदयेश से उनके आवास पर जाकर अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष द्वारा कार्मिक विभाग से दूरभाष पर वार्ता कर कहा गया कि मुख्यमंत्री द्वारा राज्य स्थापना दिवस पर उपनल कर्मचारियों की वेतन वृद्धि की घोषणा को तुरंत लागू किया जाए तथा किसी भी कर्मचारी को सेवा से बाहर न किया जाए।

### वरिष्ठ नागरिकों को बांटी गई खाद्य सामिग्री

**संवाददाता** देहरादून। जागरूक बनो आवाज उठाओ के संजोजक यशवीर आर्य द्वारा गत माह के क्रम मे इस माह भी 14 जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को पाँच पाँच सौ रुपये कि खाद्य सामिग्री देने का कार्य जारी रखा गया ,जिसमे प्रीति कुकरेती और रजनीश गुप्ता ने भी सहयोग प्रदान किया। संगठन के संयोजक यशवीर आर्य ने कहा है कि जरूरतमंदों के नाम सुझाने मे सुभाष रतूड़ी,हरिओम सोनी,उदवीर पवार,प्रवीण गुसाई, ऊषा डोगरा एवं गजेंद्र रमोला आदि शालि रहे और आर्य ने बताया कि जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों के नाम सुझाते समय इस बात का ध्यान रखा जाये कि उनकी आय का कोई साधन नही है और वह दूसरों पर ही निर्भर हैं।

### फोटोग्राफी दिवस पर फोटो प्रतियोगिता 19 को

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल प्रेस क्लब की ओर से आगामी 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर एक फोटो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कैमरे की नजर से कोरोना काल विषय निर्धारित किया गया। आज उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों से रूबरू होते हुए कार्यक्रम संयोजक राजू पुशोला व अन्य सदस्यों ने कहा कि इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार तीन हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार दो हजार रूपये एवं तृतीय पुरस्कार एक हजार रूपये निर्धारित किया गया है और सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे।

### ग्लेनमार्क ने उच्च शक्ति (400 मिलीग्राम) का फेबीफ्लू पेश किया

**संवाददाता** देहरादून। शोध–केंद्रित, एकीकृत वैश्विक दवा कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स, ने आज घोषणा की कि वह भारत में हल्के से लेकर मध्यम लक्षणों वाले कोविड–19 के उपचार के लिए 400 मिलीग्राम वाला ओरल एंटीवायरल फेबीफ्लू पेश करेगी। टैबलेट की उच्च शक्ति, रोगियों द्वारा प्रति दिन ली जाने वाली गोलियों की संख्या को प्रभावी ढंग से कम करके रोगी के अनुपालन और अनुभव को बेहतर बनाएगी।

# आत्मनिर्भर भारत में उद्योग जगत की महत्वपूर्ण भूमिका

**बैठक**

■ सीएम ने उद्योगों की समस्याओं पर इंडस्ट्रीज एसोसियेशन आफ उत्तराखण्ड के साथ बैठक की

■ ई–पोर्टल अमेजन के माध्यम से आनलाईन बिक्री किये जाने का विधिवत शुभारम्भ

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि कोविड–19 से अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए उद्योगों का निर्बाध संचालन सुनिश्चित किया जाए। सरकार का दायित्व है कि कोई भी औद्योगिक इकाई बंद न हो। आत्मनिर्भर भारत में उद्योग जगत प्रमुख सहयोगी है। उन्हें यथासम्भव सहायता दी जाएगी। सचिवालय में इंडस्ट्रीज एसोसियेशन ऑफ उत्तराखण्ड के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उद्योगों से संबंधित समस्याओं का समयबद्धता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।



**आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में उद्योगो का सहयोगः** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिस्टम को निवेश और उद्योगों के अनुकूल बनाने के लिए पिछले तीन वर्षों में बहुत से सुधार किए गए हैं। प्रमुख उद्योगपतियों, औद्योगिक संगठनों और विशेषज्ञों के सुझाव पर अनेक नीतियों का निर्माण किया गया है। कोविड की परिस्थितियों से अर्थव्यवस्था को दुबारा पटरी पर लाने के लिए सरकार और उद्योग जगत को मिलकर काम करना होगा।

**होप पोर्टल से मिल सकते हैं उद्योगों को आवश्यकानुसार मानव संसाधनः** प्रदेश में आने वाले लोगों की स्किल मैपिंग करते हुए उनका होप पोर्टल पर पंजीकरण किया गया है। श्रमिकों के चले जाने से समस्या का सामना करने वाले उद्योगों को यहां से उनकी आवश्यकतानुसार मानव संसाधन उपलब्ध हो सकते हैं।

**मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में उद्योग जगत बनेगा सहयोगीः** इंडस्ट्रीज एसोसियेशन ऑफ उत्तराखण्ड के अध्यक्ष श्री पंकज गुप्ता ने राज्य में उद्योगों के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न सुझाव देते हुए कहा कि एसोसियेशन के सदस्य मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तत्पर हैं। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए बहुत महत्वपूर्ण येजना है। इंडस्ट्रीज एसोसियेशन इस योजना से जुड़ना चाहती है। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें अपने सदस्यों की सूची उद्योग विभाग को उपलब्ध कराने के लिए कहा।

बैठक में मुख्य सचिव ओमप्रकाश, मुख्यमंत्री के औद्योगिक सलाहकार डा.केएस पंवार, अपर मुख्य सचिव श्रीमती मनीषा पंवार, सचिव श्री अमित नेगी, आरके सुधांशु, दिलीप जावलकर, शैलेश बगोली, श्रीमती सौजन्या, इंडस्ट्रीज एसोसियेशन ऑफ उत्तराखण्ड के अध्यक्ष श्री पंकज गुप्ता, अनिल गोयल व अन्य उपस्थित थे।

### ई–पोर्टल अमेजन पर राज्य के हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पाद उपलब्ध

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों को ई–पोर्टल अमेजन के माध्यम से ऑनलाईन बिक्री किये जाने का विधिवत शुभारम्भ किया। ई–पोर्टल अमेजन के माध्यम से उत्तराखण्ड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के अंतर्गत 'हिमाद्री' ब्रांड से अभी लगभग राज्य के प्रमुख 150 हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पाद ऑनलाईन बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। उत्पादों की गुणवत्ता, मानकीकरण और पैकेजिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# पुलिस लाइन में होगे स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह

**निर्देश**

■ समारोह में कोरोना वारियर्स को सम्मानित किया जायेगा

देहरादून। **संवाददाता**

गत दिवस सचिवालय सभागार में मुख्य सचिव श्री ओम प्रकाश की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस की 73 वीं वर्षगांठ के समारोह की तैयारी से सम्बन्धित बैठक सम्पन्न हुई।

मुख्य सचिव ने कोविड–19 के मध्यनजर स्वतंत्रता दिवस के समस्त कार्यक्रमों को भारत सरकार की गृहमंत्रालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप मनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त जिलाधिकारियों को कोविड–19 के मानकों का स्वतंत्रता दिवस के प्रत्येक कार्यक्रमों में अनुपालन कराने के निर्देश दिये। इस बार मुख्य समारोह पुलिस लाइन में आयोजित किया जायेगा। प्रदेश स्तरीय आयोजित इस मुख्य समारोह में प्रातः 10 बजे मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ध्वजारोहण करेंगे तथा अपना सम्बोधन करेंगे।

ज्ञातव्य है कि परेड ग्राउन्ड में स्मार्ट सिटी निर्माण कार्य के चलते मुख्य समारोह स्थल में परिवर्तन किया गया है। मुख्य सचिव ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यक्रमों में सामाजिक दूरी के मानदंड का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। पुलिस लाइन में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में माननीय मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ध्वजारोहण करेंगे तथा अपना सम्बोधन करेंगे। इस बार मुख्य समारोह में कोरोना वारियर्स को सम्मानित किया जायेगा। कोरोना वारियर्स के चयन की जिम्मेदारी नगर विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग को दी गयी है। मुख्य सचिव ने सचिवालय तथा मुख्य समारोह में सैनिटाइजेशन, सैनिटाइजर एवं ऑक्सीजन की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सचिवालय में प्रातः 09 बजे मुख्य सचिव द्वारा ध्वाजारोहण किया जायेगा। समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी भवनों में दिनांक 15 अगस्त को प्रातः 9:00 बजे सम्बन्धित विभागाध्यक्ष, कार्यालयाध्यक्ष अपने अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण करेंगे।

**पौधारोपण एवं स्वच्छता के कार्यक्रम भी संचालित करने के निर्देश**

मुख्य सचिव ने प्रदेश में सामाजिक दूरी का पालन करते हुए पौधारोपण एवं स्वच्छता के कार्यक्रम भी संचालित करने के निर्देश दिए। प्रदेश व जिला मुख्यालयों के प्रमुख चौराहों पर 14 अगस्त को सांय 06:00 बजे से 09:00 बजे तथा दिनांक 15 अगस्त को प्रातः 06:00 बजे से 11:00 बजे पूर्वान्ह तक लाउडस्पीकर के माध्यम से देश प्रेम एवं देश भक्ति के गीतों का प्रसारण किया जायेगा।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की प्रक्रिया में कार्यशाला आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। स्वदेशी जागरण मंच की महानगर महिला प्रकोष्ठ संयोजिका मधु जैन ने जीएमएस मंडल के कौलागढ़ वार्ड में राखी रावत के सहयोग से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की प्रक्रिया में एक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आत्मनिर्भर बनाने हेतु और पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए लिफाफे और मास्क बनाने का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें उनको ये दोनों बनाना सिखाया गया। इस अवसर पर मधु जैन ने कहा कि हमें कोरोना महामारी से उबरने के लिए अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए कुछ ना कुछ अपनी तरफ से भी कदम उठाने होंगे जिससे हम उस समस्या से निजात पा पाएंगे इस अवसर पर श्रीमती रेखा निगम ने उनको दोनों चीजों का प्रशिक्षण दिया और सिखाया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।